




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 135 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 25 फरवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया


## अंचल में तीन दिन छाए रहेंगे बादल

**मंदसौर, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अंचल में इन दिनो सुबह शाम ठंड का असर महसूस किया जा रहा है। शनिवार दोपहर में धूप जरुर थी, लेकिन ज्यादा तेजी नहीं महसूस की गई। इधर तीन दिन आसमान में बादल छाए रहने का अनुमान मौसम विभाग दर्शा रहा है। प्रदेश के 29 जिलों में अगले तीन दिन बारिश के आसार हैं। अशोकनगर जिले में भी छाए रहेंगे। साइकोनिक सर्कुलेशन और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते तापमान में गिरावट बनी हुई है। अधिकतम तापमान 26 डिग्री व न्यूनतम तापमान 11 डिग्री के आसपास बना हुआ है।

भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, अभी प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस और ट्रफ लाइन सक्रिय है। दक्षिणी छत्तीसगढ़ में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम है। इससे एमपी में बंगाल की खाड़ी से नमी आ......... शेष पेज 4 पर

# राजनीति की नर्सरी पर लगा ताला

## छह साल से लगा छात्रसंघ चुनाव पर ब्रेक

## एकेडमिक कैलेंडर में जिक्र तक सीमित रह गए चुनाव

**एकेडमिक कैलेंडर में कब-कब चुनाव**

| सत्र | छात्रसंघ गठन |
|---|---|
| 2019-20 | अगस्त-सितंबर |
| 2020-21 | नवंबर |
| 2021-22 | अक्टूबर |
| 2022-23 | अगस्त-सितंबर |
| 2023-24 | सितंबर |




**मंदसौर, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** चुनाव करीब आ गए हैं... अलग-अलग पार्टियों ने जीत के लिए जोर-आजमाइश शुरु कर दी है। इस दौरान राजनीति के खूब दांव-पेंच देखने को मिलते हैं। इधर, नेताओं की जहां से पौध निकलती है वह राजनीति की नर्सरी ही बंद पड़ी है। जी हां... हम बात कर रहे हैं छात्रसंघ चुनाव की। छह साल से कॉलेजों के छात्रसंघ चुनाव पर ब्रेक लगा है। जबकि, हर साल एकेडमिक कैलेंडर में इसका जिक्र किया जा रहा है। छात्रसंघ गठन के लिए समय भी तय होता है। लेकिन तय समय पर छात्रसंघ के चुनाव ही नहीं होते हैं। हालांकि, जब चुनाव होते थे, तब भी सीधे निर्वाचन नहीं किया जाता था। नंबरो के आधार पर प्रतिनिधि चुने जाते थे और फिर उनमें से छात्र संघ अध्यक्ष एवं अन्य पदो पर निर्वाचन होता था।

बता दें कि प्रदेश के ज्यादातर बड़े नेताओं ने शुरुआत छात्र राजनीति से ही की है। कॉलेज स्तर से ही राजनीतिक कॅरियर की शुरुआत हुई थी। लेकिन, अब हाल दूसरा है। कॉलेज से राजनीति को ही दूर कर दिया है। आखिरी बार 2016-17 में कॉलेजों में छात्रसंघ चुनाव हुए थे। इसके बाद उम्मीद जगी कि अब हर साल कॉलेज में चुनावी माहौल देखने को मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। इस साल की बात करें तो सितंबर 2023 में छात्रसंघ गठन के लिए समय तय किया था। लेकिन किसी भी तरह से चुनाव या छात्र मंत्री परिषद का गठन नहीं हो सका।



## अब हम एक और एक 11 है, मालवांचल का विकास करेंगे-गुर्जर

**मंदसौर, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** राज्यसभा सांसद बनने के बाद पहली बार मंदसौर आए भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री बंशीलाल गुर्जर सर्किट हाऊस से सीधे भगवान पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचे। जहां पूजा अर्चना की। इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता उनके साथ थे। इस दौरान उन्होने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि अब हम(स्वयं और सांसद सुधीर गुप्ता) एक और एक ग्यारह हो गए है। हम मिलकर संसदीय क्षेत्र ही नहीं, बल्कि मालवांचल का विकास हो, इसके लिए मिलकर प्रयास करेंगे। किसान आंदोलन को लेकर उन्होंने कहा कि सरकार बात करने को तैयार है। जिन मुद्दों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। उन पर सरकार लंबे समय से काम कर रही है। किसानों की किसी भी तरह की समस्या को हल करने के लिए सरकार हमेशा प्रयासरत है।

राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर शनिवार सुबह 11 बजे बाद भगवान पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचे। यहां उन्होने पूजा अर्चना की। इसके बाद रोड शो के माध्यम से भगवान पशुपतिनाथ मंदिर स्थित बड़ी पुलिया से संसदीय क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि गणों एवं संगठन पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के साथ पशुपतिनाथ मंदिर स्थित बड़ी पुलिया से शहर भ्रमण करते हुए संजय गांधी उद्यान पहुंचे। जहां एक सभा का आयोजन किया गया।

## बंगाल भेजा साढ़े 19 लाख का लहसून गायब

**पिपलियामंडी, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** लहसुन के भाव में तेजी होने से व्यापारियों के साथ आमनत में खयानत की घटनाएं भी बढ़ने लगी है। कृषि मंडी के एक और व्यापारी के साथ ट्रक ड्राइवर व क्लीनर ने धोखाधड़ी कर बंगाल भेजा लहसुन रास्ते में ही बेच दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। मंडी व्यापारी लोकेश पिता शंकरलाल हरजानी ने पिपलिया पुलिस थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैंने 21 फरवरी 2024 को 64 कट्टे में 122 क्विंटल लहसुन (कीमत 19 लाख 52 हजार) ट्रक क्रमांक (आरजे 06 जीडी 4439) में लोड कर महावीरप्रसाद एण्ड कंपनी धुपगुडी वेस्ट बंगाल को भेजी थी। लेकिन लहसुन वहां नही पहुंची, मैंने ड्राइवर भीलवाडा स्वरुपगंज निवासी रामेश्वर पिता नारायणलाल जाट व क्लीनर कैलाश जाट से मोबाइल पर संपर्क किया, लेकिन कॉल रिसिव नही की। मैंने मुण्डीयार टोल की फुटेज चेक करवाई तो उक्त ट्रक फुटेज में खाली जाता हुआ नजर आया। ट्रक ड्राइवर व क्लीनर ने मिलकर मेरी लहसुन को कहीं बेच दिया व मेरे साथ अमानत में खयानत की। पुलिस ने दोनों ....... शेष पेज 4 पर

### महिला को पीटा, पति, सास, ससुर पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने पति, सास व ससुर केस दर्ज किया। सोकड़ी निवासी देवकन्या पति मनीष बावरी ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि घरेलू विवाद में पति मनीष, ससुर कारुलाल व सास कंचनबाई ने लकड़ियों से पीटा। जिससे सिर से खून बहने लगा। पुलिस ने तीनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया।


### सट्टा अंक लिखते 2 को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने सट्टा अंक लिखते दो आरोपियों को पकड़ा। मल्हारगढ़ पुलिस ने सट्टा अंक लिखते हुए हर्कियाखाल (जीरन) निवासी बालू पिता शंकरलाल यादव को पकड़ा। वहीं नाहरगढ़ पुलिस ने सट्टा अंक लिखते हुए बिल्लोद दरवाजा नाहरगढ़ निवासी मोहसीन पिता मुबारिक को पकड़ा। दोनों आरोपियों से नकदी व सट्टा उपकरण जब्त किए।

# नर्सिंग कॉलेज के लिए खुद का भवन होना जरूरी

## नई संस्था को पहली बार 4 साल के लिए दी जाएगी मान्यता

**मंदसौर, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेशभर के नर्सिंग कॉलेजों के फर्जीवाड़े के बीच लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग ने मध्य प्रदेश नर्सिंग शिक्षण संस्था मान्यता नियम 2024 बना दिए हैं। इसमें स्पष्ट किया गया है कि अकादमी भवन नर्सिंग संस्था चलाने वाले का खुद का होना चाहिए। अगर ऐसा नहीं है तो ऑनलाइन आवेदन कर शपथ पत्र देना होगा कि मान्यता प्राप्त होने पर आवेदक द्वारा 25 लाख रुपए की बैंक गारंटी की राशि नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल कार्यालय में जमा करेगी, और अगर तीन साल के भीतर भवन नहीं बना तो 25 लाख रुपए की बैंक गारंटी की राशि राजसात कर ली जाएगी और संबंधित व्यक्ति को भविष्य में इसके लिए मान्यता नहीं दी जाएगी। नर्सिंग शिक्षण संस्था के संचालन संबंधी नियमों में यह भी साफ कर दिया गया है कि कोई भी संस्था किराए के भवन में एक से अधिक नर्सिंग संस्था का संचालन नहीं कर सकेगी। लीज एग्रीमेंट रजिस्टर्ड होने पर स्वयं के भवन में तीस साल की अवधि के लिए इसे दिया जा सकेगा। किराए की स्थिति में तीन साल तक किराए के अनुबंध के आधार पर भी संचालित किया जा सकेगा। किराए के अकादमी भवन में भी कोई संस्था एक से अधिक नर्सिंग संस्थान का संचालन नहीं कर सकेगी। नियमों में कहा गया है कि खुद के भवन में या किराए के भवन में कोई भी संस्था छात्रावास का संचालन कर सकेगी।




नियमों में कहा है कि मान्यता के लिए काउंसिल परिषद द्वारा अप्रैल माह के पहले सप्ताह में समयबद्ध चार्ट में जानकारी दी जाएगी। संस्था को जिस कोर्स के लिए मान्यता दी जाएगी उसी पाठ्यक्रम का शिक्षण प्रशिक्षण दिया जा सकेगा। नवीन मान्यता के प्रकरणों में तीन सदस्यीय समिति द्वारा संस्था का निरीक्षण किया जाएगा। इसमें कलेक्टर की ओर से भी एक प्रतिनिधि शामिल किया जाएगा। नई संस्था को पहली बार चार साल के लिए मान्यता के लिए आवेदन करना होगा और फिर इतने समय के लिए मान्यता दी जा सकेगी। केंद्र या राज्य शासन के किसी भी संस्थान को संबंधित फीस का भुगतान करने पर आजीवन मान्यता दी जा सकेगी।

### सीटों का आवंटन संस्था के अस्पताल के बिस्तर संख्या पर निर्भर...

संस्था के पास 100 बिस्तर का अस्पताल होने पर बीएससी नर्सिंग और जीएनएम के लिए तीस सीट की मान्यता दी जाएगी। 200 बिस्तर का अस्पताल होने पर 60 और 300 बिस्तर का अस्पताल होने पर 100 सीट की स्वीकृति दी जा सकेगी। यह भी साफ किया गया है कि 60 सीट के लिए 900 वर्गफीट और 100 सीट के लिए 1350 वर्ग फीट का लेक्चर हाल होना जरूरी है। पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग कोर्स चालू करने के पहले संस्था में बीएससी नर्सिंग का कोर्स चालू होना आवश्यक है। शासन द्वारा जारी नियमों में संस्था में पदस्थ होने वाले प्राचार्य, प्राध्यापक और अन्य स्टाफ के लिए तय योग्यताओं का पालन करने की अनिवार्यता भी बताई गई है। इसके अलावा कोर्स संचालन और अस्पताल संचालन के लिए लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा तय शर्तों और मापदंडों का पालन करना भी जरूरी होगा।

# अफीम पर बीमारी का खतरा, डोडो में कालापन



**मंदसौर, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अफीम किसान इन दिनो अपनी फसल अर्थात डोडो में चीरा लगा रहे है। मौसम के बार-बार बदलाव से इस समय अफीम को बीमारियों ने भी घेर लिया है, जिससे किसान चिंतीत हो रहे है। किसानों का कहना है की अफीम में काली, सफेद मस्सी का रोग लग गया है, इसके कारण डोडे काले पड़ने लगे है। अफीम का पौधा भी सूखने लगा है। काली-सफेद मस्सी के कारण अफीम उत्पादन प्रभावित होने की बात भी किसान कह रहे हैं।

बता दें कि अंचल में सुबह-शाम ठंड पड़ रही है। जबकि, दोपहर के समय सर्द हवाओं के साथ गर्मी का मौसम भी असर दिखा रहा है। मौसम के इस बदलाव से जिले में अफीम की फसल में रोग आ रहे हैं। किसानों की मानें तो अफीम के पौधों में काली और सफेद मस्सी का प्रकोप है। रोग से प्रभावित हो रही फसल को देख किसान चिंतित है। जिले में इस वर्ष तीनों खंडों में नियमिति एवं सीपीएस के पट्टे मिलाकर लगभग 17 हजार से अधिक किसानों को 10-10 आरी के पट्टे दिए गए हैं। बोवनी के बाद अनुकूल मौसम से अफीम फसल प्रारंभ में बेहतर रही। बाद में दिसंबर माह में बादल छाए और बूंदाबांदी भी हुई। सीजन में मौसम अफीम के लिये अनुकूल ही रहा। फरवरी माह में किसान अफीम डोडों में चीरा लगा रहे हैं। इस दौरान मौसम में हुए बदलाव का असर अफीम की फसल पर पड़ रहा है। अफीम में काली व सफेद मस्सी का प्रकोप बढ़ा है। इसके कारण अफीम के उत्पादन पर असर होगा। किसानों का कहना है की बीमारी के कारण उत्पादन प्रभावित होगा तो औसत भी पूरी नहीं हो सकेगी।

कृषि वैज्ञानिको के अनुसार काली मस्सी के प्रभाव से अफीम का डोडा काला पड़ जाता है। समय के साथ यह डोडा सूख जाता है। इससे अफीम की प्राप्ति नहीं होती है। इसी प्रकार सफेद मस्सी का रोग लगने से अफीम का पौधा जड़ से लेकर डोडे तक पूरी तरह सूख जाता है। डोडों के सूखने से अफीम का उत्पादन नाम मात्र का भी नहीं होता है।

# इस साल बंपर उत्पादन का अनुमान

## सात लाख मैट्रिक टन गेहूं पैदावार की संभावना, उपज निकालने का काम जारी



**मंदसौर, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अल्पवर्षा के बाद सिंचाई के लिए पानी की कमी के बाद भी इस सीजन में गेहूं की बंपर पैदावार जिले में होगी। पानी की कमी के चलते किसानों ने इस बार गेहूं की बजाए चना, सरसों सहित अन्य फसलों की ओर रुख किया। लेकिन गेहूं सहित सभी फसल की पैदावार इस बार खूब होगी। ऐसा हम नहीं बल्कि कृषि विभाग के इस बार उत्पादन के प्रस्तावित आंकड़े कह रहे है। पीला सोना कहे जाने वाली गेहूं का जिले में रिकॉर्ड 7 लाख 35 हजार 782 मैट्रिक टन उत्पादन होना कृषि विभाग ने अपने आंकड़ो में दर्शाया है। पानी की कमी के बीच मौसम की अनुकूलता के कारण इस सीजन में किसानों के चेहरों पर खुशी देखी जा रही है। लहसुन के बाद अब मंडियों में गेहूं के दाम भी अच्छे है। इस सीजन में फसले किसानों के लिए लाभदायक साबित हो रही है। सिर्फ गेहूं ही नहीं चना, मसूर से लेकर सरसों व अफीम भी अच्छी स्थिति में है। हालांकि, मौसम में बार-बार बदलाव के कारण अफीम में रोग भी लगा है। फिर भी माना जा रहा है कि औसत तो आराम से निकल सकती है। इधर खेतों में लहलहा रही फसल अब कटना शुरु हो गई है। एक माह में फसल घर पहुंचने लगेगी।

मंदसौर जिला वैसे भी उन्नतशील किसानों के लिए जाना जाता है। ऐसे में इस बार मौसम ने भी बखूबी साथ दिया। रबी सीजन के दौरान इस बार ना तो पाला और ना ही ओलावृष्टि हुई। बल्कि जब भी फसलों को जरुरत पड़ी मावठे की बारिश हो या अत्यधिक ठंड से लेकर ओस ने फसलों को राहत दी। इससे फसलों ने अच्छी चाल पकड़ी और जब जरुरत हुई मौसम साफ दिखा और धूप भी फसलों को मिली। इन सबके कारण पानी की कमी के बीच सिंचाई भले ही कम हुई। लेकिन, मौसम व प्रकृति ने किसानों की उम्मीदों की फसल को इस बार सींचा और फसल अच्छी स्थिति में है। रबी सीजन की फसलों पर एक बार भी मौसम की मार नहीं आई जो कई सालों बाद पहली बार हुआ। अब फसल पकने लगी है तो कई जगहों पर फसल कटाई का क्रम भी शुरु हो गया है। वहीं लहसुन के बाद अब गेहूं सहित अन्य फसलों के दाम भी अच्छे है। इसी कारण माना जा रहा है कि पैदावार बंपर होगी और दाम अच्छे है तो इस बार की रबी सीजन धरतीपुत्रों के लिए अच्छी साबित होगी।

बता दें कि जिले में रबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं है। इस बार अल्पवर्षा के कारण सिंचाई के लिए पानी की कमी को देखते हुए गेहूं की बोवनी कम और चना की बोवनी बढ़ाई गई थी। फिर भी मौसम की अनुकूलता के चलते गेहूं समेत सभी उपज का बंपर उत्पादन होगा। गेहूं 2 लाख 4 हजार 896 हेक्टेयर में तो अलसी 31 हजार 963 हेक्टेयर, सरसों 12 हजार 386, मसूर 6 हजार 311 व चना 44 हजार 123 हेक्टेयर में जिले में बोवनी की गई थी। ऐसे में अब कृषि विभाग ने प्रस्तावित उत्पादन में गेहूं 7 लाख 35 हजार 782 मैट्रिक टन तो अलसी 53 हजार 378 मैट्रिक टन, सरसों 14 हजार 507 मैट्रिक टन, मसूर 7 हजार 7 हजार 879 मैट्रिक टन व चना 61 हजार 287 मैट्रिक टन का उत्पादन होने की अनुमान है। यह प्रस्तावित उत्पादन है लेकिन फसलों की अच्छी स्थिति को देख विभाग का प्रस्तावित आंकड़ों से भी अधिक उत्पादन होने का दावा किया जा रहा है।

# सबने देखा संगठक रत्न को चाहने वालों का जन सैलाब...

**मंदसौर/उज्जैन, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पिछले 20 सालों से जनतंत्र में प्रतिनिधित्व करने के लिए अपने-अपने दलों से चयन होने वाले नाम की चर्चा जिले से लेकर प्रदेशों में होते रहना आम बात है। इस दौर में कई नए नाम आए, नए प्रतिनिधि बने, मंत्री बने और कुछ ने नाम कमाया तो कुछ बदनाम भी हुए कुछ खारिज भी किए गए। एक नाम ऐसा दो दशक से छूटता रहा जो दलों की आम प्रक्रिया के प्रचलन के समय हर आम नागरिक जो रुचि रखते हैं या अरुचि की जबान पर स्वतः आ जाता था कि बंशीलाल गुर्जर स्पर्धा में प्रतिनिधित्व करने की सभी पात्रता रखने वाले श्रेष्ठ काबिलियत धारक कार्यकर्ता है। किन्तु, भाग्यवश या राजनीतिक दलों की चयन प्रक्रिया के चलते या द्वेष की राजनीति की प्रतिस्पर्धा के कारण छांटे जाते रहे। कारण अज्ञात और रहस्य के गर्भ में चला जाता था । बावजूद इसके इस नजरअंदाजी के दो दशक के लंबे अंतराल में बंशीलाल गुर्जर का नाम और काम ने देशभर में प्रभावशाली जन



लोकप्रियता का आकार इतना व्यापक और बड़ा कर लिया कि प्रत्येक चुनाव के पहले प्रथम पंक्ति में नाम आता रहा। शनिवार को मंदसौर में उनकी अगवानी के लिए उमड़े जनसैलाब को सबने देखा है।

बता दें कि देशभर में दलों के नेता बड़े नेताओं से लेकर प्रदेश के बड़े पत्रकार, समीक्षक भी दावा करते नजर आते थे कि इस बार तय है बंशी गुर्जर का नाम कोई काट ही नहीं सकता, सौ प्रतिशत जीतने वाला प्रत्याशी है, आदि आदि। पर, फिर वही अदृश्य अवरोध भाग्य या कुछ और पता नहीं जब नाम सामने आते दावे करने वाले सबसे ज्यादा प्रभावित और अचंभित होते थे। कुछ ऐसे भी स्तंभकार रहे जिन्होंने संगठन के कर्ताधर्ताओं के सामने अपनी नाराजगी भी प्रकट की थी। इस तरह की व्यापक राष्ट्रीय स्तर की जनप्रियता हासिल कर चुके बंशीलाल गुर्जर को जब भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के पारखियों ने परखा, तो बिना मांगे वह सम्मान दिया जिसको पाने के लिए किसी विशेष दर्जे की योग्यता का होना आवश्यक माना जाता है। बंशीलाल गुर्जर में वही सब योग्यता निश्चित पाई गई होगी।

मंदसौर जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए यह गौरव की बात होगी कि उनके अपने समूह से निकलकर अपनी योग्यताओं के कारण संभाग से लेकर प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर तक मंदसौर के गौरव को चिन्हित कर देने वाले बंशीलाल गुर्जर विशेष योग्यताओं वाले अपर हाउस कहलाने वाली राज्यसभा के सदस्य बन गए हैं। इसके पहले किसानों में किसानों के लिए काम करने वाले किसान नेता की ख्याति तो पा ही ली थी, साथ में उच्च स्तरीय संगठक, माहिर रणनीतिकार का दर्जा भी पाते गए। इतनी परिपक्वता और प्रबंधन के गुणों के कारण ही श्री गुर्जर को ऐसे राज्यों में भी जिम्मेदार काम दिए गए, जहां भाषा और संस्कृति मालवा से एकदम अलग थी और ना ही वहां स्थापित भाजपाई वातावरण था। इसके उदाहरण है असम, गुजरात और हरियाणा विधानसभा चुनावों में अपना दायित्व निभाना। अपनी तर्कशीलता की प्रभावी प्रस्तुति के कारण अन्य राज्यों तक के कार्यकर्ताओं की पसंद बन लोकप्रियता का ग्राफ इतना बड़ा लिया कि अब विभिन्न चुनावों में, कार्यशालाओं में पर्यवेक्षक या वक्ता के रूप में मांग होने लगी। खैर प्रचलित कहावत है ऊपर वाला जब देता है छप्पर फाड़ कर देता है, बंशीलाल गुर्जर के चयन पर फिट बैठ रही है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व में जब दिया तो सम्मानजनक योग्य दायित्व ही दिया। जिसकी अपेक्षा खुद बंशीलाल से ज्यादा उनके चाहने वालों ने की थी।

यह सही है कि यहां तक पहुंचने के लिए उन्हें अपने प्रतिस्पर्धियों से लंबी, अनेक अवरोधों वाली बाधा दौड़ को अपनी इच्छा शक्ति और योग्यता के बल पर जितना पड़ा। प्रशासनिक, राजनीतिक जगत के अलावा आमजन में भी बंशी गुर्जर यह ख्याति तो पा ही चुके हैं कि जिस पद और काम की जिम्मेदारी लेते हैं, उसे पूरी शिद्दत से श्रेष्ठतम अंदाज में पूरा करते हैं। मंदसौर की मंडी से लेकर प्रदेश मंडी बोर्ड, जनपद पंचायत, नगर पालिका, किसान मोर्चा, किसान संघ, राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड, प्रदेश महामंत्री, उपाध्यक्ष राष्ट्रीय किसान मोर्चा, संचालक हुडको और अब बारी है राज्यसभा में दायित्व निभाने की।





## निर्विरोध राज्यसभा के लिये चुने जाने पर श्री गुर्जर की मंदसौर में...

# स्वागत रैली निकली, जगह-जगह हुआ स्वागत

**मंदसौर, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री बंशीलाल गुर्जर को भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा मध्यप्रदेश के राज्यसभा चुनाव हेतु नामांकित करने एवं उनके निर्विरोध निर्वाचित होने के उपरांत प्रथम बार मंदसौर पधारने पर नगर के गणमान्य नागरिकों, भाजपा कार्यकर्ताओं, व्यापारिक संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति में श्री गुर्जर के राज्यसभा सांसद चुने जाने पर उनके स्वागत में रैली निकाली गई। स्वागत रैली में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकगण एवं भाजपा कार्यकर्तागण शामिल हुये। स्वागत रैली के पूर्व भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में श्री बंशीलाल गुर्जर ने सपत्निक भगवान श्री पशुपतिनाथ का पूजन अर्चन एवं जलाभिषेक किया। उन्होंने इस दौरान परिसर में स्थित श्री तापेश्वर महादेव मंदिर व श्री सहस्त्र शिवलिंग मंदिर में भी भगवान शिव की पूजा अर्चना की। इसके उपरांत मेनपुरिया चौराहा से श्री गुर्जर के स्वागत हेतु विशाल रैली निकाली गई। इस रैली का नगर के मुख्य मार्गों पर भव्य स्वागत किया गया। मेनपुरिया चौराहा से प्रारंभ हुई यह रैली चन्द्रपुरा मुख्य मार्ग पशुपतिनाथ मंदिर चौराहा, पशुपतिनाथ बड़ी पुलिया, राजा गुलाब गेट, प्रतापगढ़ पुलिया खानपुरा, जगतपुरा चौराहा मण्डी गेट, सदर बाजार, आजाद चौक, कालीदास मार्ग, जिला भाजपा कार्यालय, भारतमाता चौराहा, बस स्टेण्ड बड़े बालाजी मंदिर, युवराज क्लब रोड, गांधी चौराहा, पं. दीनदयाल उपाध्याय उद्यान हास्पिटल रोड, बीपीएल चौराहा, सेंट्रल बैंक चौराहा, गुप्ता कचोरी चौराहा, पुलिस कंट्रोल रूम के सामने होते हुए संजय गांधी उद्यान पहुंची। पूरे मार्ग में श्री बंशीलाल गुर्जर का नगर के गणमान्य नागरिकों ने माल पहनाकर, शाल श्रीफल भेंटकर, दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत सत्कार किया। भाजपा संगठन के कार्यकर्ताओं ने इस दौरान श्री गुर्जर की मंदसौर नगर में भव्य अगवानी की और राज्यसभा सांसद चुने जाने पर उन्हें माला पहनाकर बधाई दी। श्री गुर्जर का मंदसौर सर्किट हाउस पर भी भाजपाजनों ने गर्मजोशी से माला पहनाकर व बुके भेंटकर स्वागत किया। स्वागत रैली संजय गांधी उद्यान पहुंचकर सभा में परिवर्तित हुई। यहां भी भाजपा के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मंच पर श्री गुर्जर का स्वागत किया।

श्री गुर्जर का स्वागत रैली एवं स्वागत कार्यक्रमों में सांसद सुधीर गुप्ता, जावद विधायक ओमप्रकाश सकलेचा, मनासा विधायक माधव मारू, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया, भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर, पूर्व जिलाध्यक्ष मानसिंह माच्छोपुरिया, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, मुकेश काला, भाजपा जिला महामंत्रीगण पं. राजेश दीक्षित, गणपत आंजना, भाजपा मण्डल अध्यक्षगण अरविन्द सारस्वत, अजय ओसरी, मंदसौर जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा, भाजपा नेता राजेन्द्र सुराणा, निहालचंद मालवीय, विजय मेहता दलौदा, राजेश नामदेव, राजू चावला, राधेश्याम कुमावत जमालपुरा, जगदीश शर्मा धारियाखेड़ी, सतीश कपूर, सुनील जैन महाबली, सत्यनारायण पालीवाल, धीरज पाटीदार, पुलकित पटवा, विनोद डगवार, भोपालसिंह सिसौदिया धारियाखेड़ी, जगदीश गुर्जर ढिकोला, शिवनारायण गुर्जर, अशोक लवाणी, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, उपाध्यक्ष नम्रता प्रितेश चावला, सभापति निर्मला चंदवानी, कौशल्या बंधवार, सत्यनारायण भांभी, रमेश ग्वाला, दीपमाला रामेश्वर मकवाना, शांति दिनेश फरक्या, सुनीता गुजरिया, पिंकी विनय दुबेला, शाहिद मेव, दिव्या अनुप माहेश्वरी, रेखा सोनी ऐरावाला, शेहलाद पटेल, शैलेन्द्र गोस्वामी, बब्बन युसुफ गौरी, माया भावसार, राकेश भावसार, भावना जयप्रकाश पमनानी, कमलेश सिसौदिया, विक्रम भैरवे, गोवर्धन कुमावत, दीपक गाजवा, गरिमा हितेन्द्र भाटी, भारती धीरज पाटीदार, अनिल मालवीय ने भी स्वागत रैली में सहभागिता की। संजय गांधी उद्यान में स्वागत रैली के पहुंचने के उपरांत सभा का आयोजन किया गया। सभा के शुभारंभ अवसर पर संत रविदासजी, पं. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई इस सभा में सांसद सुधीर गुप्ता, विधायकगण हरदीपसिंह डंग सुवासरा, चंदरसिंह सिसौदिया गरोठ, पूर्व मंत्री श्री कैलाश चावला, भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री मदनलाल राठौर ने संबोधित किया और श्री बंशीलाल गुर्जर के राज्यसभा हेतु चुने जाने पर उन्हें बधाई दी और मंदसौर जिले के किसान नेता श्री गुर्जर के राज्यसभा में चुने जाने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा पाटीदार, उपाध्यक्ष श्रीमती मनुप्रिया यादव, पूर्व विधायक श्री देवीलाल धाकड़, श्री राधेश्याम पाटीदार, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह माच्छोपुरिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मनोहरलाल जैन, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, मुकेश काला, भाजपा मण्डल अध्यक्षगण अरविन्द सारस्वत, अजय आसेरी, विक्रमसिंह पंवार, विकास सुराना, मंदसौर जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा, भजपा नेता अजयसिंह चौहान भी मंचासीन थे।

श्री बंशीलाल गुर्जर ने इस अवसर पर कहा कि मुझे राज्यसभा चुनाव में भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व ने उम्मीदवार बनाकर जो मुझे किसानों की आम जनता की सेवा करने का अवसर दिया है। उसके लिये मैं उनका आभारी है साथ ही मंदसौर नीमच सहित पूरे मालवा अचल के भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रति भी आभारी हूॅ जिन्होनें समय-समय पर मेरा मागदर्शन किया और मुझे जीवन में संघर्ष करने की प्रेरणा दी। आज मैं आपको विश्वास दिलाता हूॅ कि मैं आपके विश्वास पर खरा उतरने का पूरा पूरा प्रयास करूंगा। मेरा आपसे आग्रह है कि मुझे समय-समय पर मार्गदर्शन देते रहे। ताकि मैं संसद में मंदसौर व मालवांचल की जो भी मांगे है उन्हें उठाता रहूं। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री पं. राजेश दीक्षित व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने किया व आभार भाजपा नेता जनपद सदस्य शिवराजसिंह राणा ने माना। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारीगण राजेश दीक्षित, गणपतसिंह आंजना, नपा के पार्षदगणों, भाजपा किसान मोर्चा के जिला पदाधिकारीगणों के द्वारा श्री बंशीलाल गुर्जर का माला पहनाकर व बुके भेंटकर स्वागत किया गया।

# दंड संहिता की जगह लेंगे 3 नए आपराधिक कानून, एक जुलाई से होंगे लागू

**नईदिल्ली, 24 फरवरी।** तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक, 2023 ये तीनों 1860 की भारतीय दंड संहिता, 1973 की आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी), 1872 का भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे।

सरकार ने शनिवार को अधिसूचित किया कि भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम की जगह लेने वाले तीन नए आपराधिक कानून 1 जुलाई से लागू होंगे। तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक, 2023 ये तीनों 1860 की भारतीय दंड संहिता, 1973 की आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी), 1872 का भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। नए कानूनों का उद्देश्य आतंकवाद की स्पष्ट परिभाषा देने, राजद्रोह को अपराध के रूप में खत्म करना और कई अन्य बदलावों के साथ-साथ राज्य के खिलाफ अपराध नामक एक नया खंड पेश करना, ब्रिटिश-युग के कानूनों को पूरी तरह से बदलना है।

**तीनों कानूनों को संसद ने मंजूरी दे दी-** इन तीन विधेयकों को पहली बार अगस्त 2023 में संसद के मानसून सत्र के दौरान पेश किया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पिछले दिसंबर में उन पर अपनी सहमति दे दी थी। होम मामलों की स्थायी समिति द्वारा कई सिफारिशें करने के बाद, पुन: प्रारूपित संस्करण शीतकालीन सत्र में पेश किए गए थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि



विधेयकों का मसौदा व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया था और उन्होंने खुद इस मसौदे के हर अल्पविराम और पूर्णविराम को देखा था।

**न्याय प्रणाली में भारत का स्थान होगा उप्पर-** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले साल संसद में इन्हें पेश करते हुए कहा था कि नए कानून भारतीयता, भारतीय संविधान और लोगों की भलाई पर जोर देते हैं। उन्होंने कहा कि तीन कानूनों के तहत सभी प्रणालियां लागू होने के बाद भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली पांच साल में दुनिया में सबसे उन्नत बन जाएगी।

**कैसे है देश के लिए उपयोग-** आईपीसी की जगह लेने के लिए तैयार BNS ने बदलते समय को देखते हुए आपराधिक कानूनों के प्रमुख पहलुओं में सुधार किया है। यह उन कानूनों को प्राथमिकता देता है जो महिलाओं और बच्चों की रक्षा करते हैं, हत्यारों को दंडित करते हैं, और उन लोगों को रोकते हैं जो राज्य को नुकसान पहुंचाएंगे। BNS में संगठित अपराध, आतंकवादी कृत्य, मॉब लिंचिंग, हिट-एंड-रन, धोखेबाज तरीकों से एक महिला का यौन शोषण, छीनना, भारत के बाहर उकसाना, भारत की संप्रभुता, अखंडता और एकता को खतरे में डालने वाले कृत्य जैसे 20 नए अपराध शामिल हैं।



# खाद्य सुरक्षा टीम ने लिए सेम्पल

**नीमच, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन के निर्देशन में मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा जीरन स्थित फर्म पालीवाल दूध डेयरी नीम चौक(गाँधी नगर) जीरन का निरीक्षण कर 01 नमूना गाय दूध का लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री यशवंत कुमार शर्मा ने बताया कि शनिवार को हर्कियाखाल सांदा फोर लेन पर कृष्ण कन्हैया दूध डेयरी का निरीक्षण कर 01 नमूना मिश्रित दूध एवं राधे का ढाबा शास्त्री नगर नीमच का निरीक्षण कर 01 नमूना पनीर तथा 01 नमूना दही का लिया गया। इस प्रकार कुल 04 नमून लिए गये।जांच रिपोर्ट आने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# दलौदा में आयोजित हुआ समाधान आपके व्दार अभियान का समापन शिविर

**मंदसौर, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय एवं म. प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर श्री अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन तथा जिला न्यायाधीश/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर श्री हर्ष सिंह बहरावत के निर्देशन में 26 जनवरी 2024 से चलाए जा रहे समाधान आपके द्वारा अभियान का समापन शिविर 24 फरवरी 2024 को दलोदा में महाराणा प्रताप रिसोर्ट में संपन्न हुआ।

शिविर को संबोधित करते हुए जिला न्यायाधीश ने उपस्थित समस्त हितग्राहियों को अभियान अंतर्गत की गई गतिविधियों का ब्यौरा देकर अपने विवादों का समाधान मध्यस्थता एवं आपसी समझाइश के माध्यम से करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने राजस्व, विद्युत, पुलिस, वन, नगर निकाय, आदि विभागों का उनके द्वारा अभियान में दिए गए सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। शिविर में लोगो के लिए आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, लर्निंग लाइसेंस, राजस्व विभाग, पुलिस, पंचायत विभाग के स्टॉल लगाकर लोगों के दस्तावेज बनवाए गए एवम उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। शिविर में उपस्थित जिला न्यायाधीश श्री हर्ष सिंह बहरावत, एसडीएम मंदसौर श्री शिवलाल शाक्य, तहसीलदार दलोदा श्री नीलेश पटेल, नायब तहसीलदार धुंधडका श्री राहुल डाबर, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री प्रवीण कुमार द्वारा हितग्राहियों को नामांतरण, बंटवारा, पट्टा एवं अन्य दस्तावेज वितरित किए गए। शिविर में तहसीलदार दलौदा के द्वारा सरपंच से मृत्यु होने पर लाभार्थी के पिता बालूराम को 4 लाख की आरबीसी के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की गई। सहायता राशि प्राप्त करते समय बालू राम की आंखें छलक आई। इसी प्रकार बरसों से पट्टे के लिए परेशान कंचन बाई एवम रतनलाल डांगी निवासी गुड्यिाना भी पट्टा प्राप्त होने पर बहुत खुश हुए साथ ही ग्राम बहेपुर के किशनलाल पिता नंदा का वर्ष 2019 से से बंटवारे का चल रहा विवाद न्यायालय तहसीलदार दलौदा द्वारा मध्य प्रदेश भू राजस्व संहिता अंतर्गत बटवारा आदेश जारी किया गया। वर्षों र्से चल रही विवाद के समझाइश से समाप्त होने से सबके चेहरे पर खुशी दिखाई दी। फोटो संलग्न



## आयुष विभाग मंदसौर में पदस्थ राजेन्द्र यादव ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक प्राप्त किये

**मंदसौर, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** 6टी राष्ट्रीय मास्टर गेम्स प्रतियोगिता गोवा में आयोजित हुई जिसमें लगभग 22 खेल आयोजित हुए। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आयुष विभाग मंदसौर में पदस्थ राजेन्द्र यादव ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर तीन स्वर्ण पदक प्राप्त किये। गोवा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में 50 से 60 वर्ष एवं 60से 65 वर्ष ग्रुप में एक-एक स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस टीम में कप्तान विपिन जोशी (सेल टैक्स, इंदौर), उपकप्तान राजेन्द्र यादव (आयुष विभाग मंदसौर) थे। आपके नेतृत्व ने टीम ने कबड्डी टीम ने दोनों ग्रुप में स्वर्ण पदक प्राप्त किये। इसी प्रकार राजेन्द्र यादव (आयुष विभाग मंदसौर) ने गोला फेंक में भी स्वर्ण पदक प्राप्त किया। श्री यादव की इस उपलब्धि पर आयुष विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों एवं इष्टमित्रों ने बधाई दी है।

# मिलावट खोरों से रहें सावधान

**उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 1800112100 और सीएम हेल्पलाइन नंबर 181 पर कर सकते हैं शिकायत**

**भोपाल, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक डॉ सुदाम खाड़े ने बताया कि मिलावट पर रोकथाम के लिए प्रदेश व्यापी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में जिला स्तर पर खाद्य सुरक्षा विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति, नापतौल, पुलिस, राजस्व, दुग्ध संघ आदि विभागों की संयुक्त टीम बनाकर नियमित निरीक्षण एवं कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। अभियान में संवेदनशील क्षेत्र का चिन्हांकन कर नियमित जांच और सर्विलेंस प्लान तैयार कर प्रभावी कार्यवाही की जायेगी। आयुक्त डॉ खाड़े ने आमजन से मिलावट के प्रति सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता मिलावट की शिकायत टोल फ्री नंबर 1800112100 एवं सी.एम. हेल्पलाइन नंबर 181 पर कर सकते हैं।

**मिलावटी खाद्य पदार्थ के निर्माण में लिप्त प्रतिष्ठानों पर की जायेगी कठोर कार्यवाही-** आयुक्त डॉ खाड़े ने बताया कि चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, मैजिक बॉक्स के माध्यम से स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्राओं को खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच करने संबंधी प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रत्येक विद्यालय में खाद्य सुरक्षा जागरूकता के लिए विद्यार्थियों का हेल्थ क्लब गठित किया जाएगा। आंगनवाड़ी केन्द्रों, स्कूलों के मध्याह्न भोजन खाद्य सामग्री की जाँच मैजिक बॉक्स, चलित खाद्य प्रयोगशालाओं के माध्यम से की जाएगी। अभियान में लायसेंस रजिस्ट्रेशन की जांच, मिलावटी खाद्य पदार्थ के निर्माण में लिप्त प्रतिष्ठानों पर जप्ती, सीलिंग की कार्यवाही की जाएगी।

**मिलेट आधारित भोजन को प्रोत्साहन-** चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से दूध, दुग्ध उत्पाद के नमूनों, खाद्य तेल एवं मसालों की अधिकतम जांच, समस्त क्षेत्रों विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता कार्यक्रम किये जायेंगे। मिलेट आधारित भोजन के प्रोत्साहन तथा उपयोग को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से मिलेट मेले का आयोजन किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में भी ईट-राइट गतिविधियाँ तथा जनजागरूकता अभियान विभिन्न विभागों के सामंजस्य से आयोजित किए जाएँगे।

## कलेक्टर ने चयनित पटवारी अभ्यर्थियों की काउन्सलिंग का लिया जायजा

**नीमच, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने शनिवार को शासकीय पी.जी.कॉलेज नीमच में दस्तावेज सत्यापन एवं परीक्षण दलों व्दारा पटवारी चयन परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज के सत्यापन एवं काउन्सलिंग कार्य का निरीक्षण कर, अभ्यर्थी व्दारा प्रस्तुत दस्तवेजों के सत्यापन परीक्षण के कार्य की प्रक्रिया का जायजा लिया और सम्बंधितों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस मौके पर एडीएम सुश्री नेहा मीना, संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रीती संघवी, प्राचार्य श्री के.एल.जाट व अन्य अधिकारी एवं अभ्यर्थी उपस्थित थे।



## मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड को मिला बेस्ट स्टेट टूरिज्म बोर्ड का अवॉर्ड

**मंदसौर, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश के पर्यटन गंतव्यों के प्रचार-प्रसार, नवाचार करने, पर्यटकों को अनुभव आधारित पर्यटन प्रदान करने एवं पर्यावरण अनुकूल पर्यटन के क्षेत्र में उत्कृष्टकार्य करने के लिए मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड (एमपीटीबी) को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। ग्रेटर नोएडा में आयोजित हुई देश की प्रमुख ट्रेवल प्रदर्शनी ड्अढ्ढए (साउथ एशियन ट्रेवल एंड टूरिज्म एक्सचेंज) में एमपीटीबी को बेस्ट टूरिज्म स्टेट बोर्ड का अवॉर्ड दिया गया है। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि, पर्यटन विभाग सदैव ही प्रदेश में भ्रमण के लिए पहुंचने वाले पर्यटकों की सुलभता, सुगमता एवं सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। विभिन्न नवाचर एवं पहलों के माध्यम से अधिक से अधिक पर्यटक हिंदुस्तान के दिल को देखने के लिये पहुंचे, ऐसा प्रयास रहता है।

बोर्ड की ओर से यह सम्मान उपसंचालक श्री युवराज पडोले ने ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि तीन दिवसीय प्रदर्शनी में बोर्ड ने प्रमुखता से सहभागिता कर देश एवं विदेशों से आए ट्रेवल एजेंट्स, टूर ऑपरेटर्स, होटेलियर्स एवं विभिन्न हितधारकों के समक्ष प्रदेश के पर्यटन स्थलों एवं उत्पादों को प्रचारित किया। एमपीटीबी स्टॉल पर आगंतुकों को सांची, अमरकंटक, नर्मदा के घाटों और अन्य गंतव्यों के वर्चुअल टूर का अनुभव करने का भी मौका मिला। बोर्ड को यह सम्मान पर्यटन, बुनियादी ढांचे के विकास, स्थानीय समुदाय के आर्थिक विकास, राज्य की संस्कृति और विरासत के संरक्षण इत्यादि क्षेत्र में उच्च स्तरीय प्रदर्शन के आधार पर दिया गया है।

### अंचल में तीन दिन छाए... पेज 1 से जारी

रही है। बंगाल की खाड़ी के उत्तरी हिस्से में भी एंटी साइक्लोनिक सर्कुलेशन है। इससे अगले 48 घंटे के दौरान एमपी के पूर्वी हिस्से जबलपुर और नर्मदापुरम, दक्षिण हिस्से- सागर, रीवा और शहडोल संभाग में नमी आने लग जाएगी और इस कारण हल्की से मध्यम और तेज बारिश के साथ ओले भी गिर सकते हैं।

### बंगाल भेजा साढ़े 19 लाख... पेज 1 से जारी

आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। उल्लेखनीय है कि लहसुन के भाव अधिक होने से ट्रक, ड्राइवर की नियत खराब होने लगी है, एक माह में यह तीसरा मामला सामने आया है, जिसमें ट्रक, ड्राइवर व क्लीनर ने मिलकर व्यापारी की लहसुन को बेच दिया।

# जापानी बुखार से बचाव के लिए इंदौर, भोपाल, सागर व नर्मदापुरम में 27 से टीकाकरण

**भोपाल, 24 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जापानी बुखार (जेई) से बचाव के लिए इंदौर, भोपाल, सागर और नर्मदापुरम में 27 फरवरी से टीकाकरण शुरू होगा। यहां एक से 15 वर्ष तक के सभी बच्चों को सरकारी और निजी अस्पतालों में निश्शुल्क टीका लगाया जाएगा। यह वायरस से होने वाली बीमारी है, जो मच्छर के काटने से होती है। समय पर उपचार नहीं होने पर जानलेवा भी हो जाती है।



स्वास्थ्य विभाग के उप संचालक डा. हिमांशु जायसवाल ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की टीम ने संवेदनशील घोषित किए गए जिलों में संक्रमित रोगियों के सैंपल लिए थे। जांच में वायरस की पुष्टि हुई थी। चारों जिलों में चार से लेकर 20 तक मामले प्रति वर्ष मिल चुके हैं। मध्य प्रदेश में 17 लाख डोज केंद्र सरकार से मिली हैं। एक व्यक्ति को सिंगल डोज ही लगती है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष अप्रैल में विदिशा और रायसेन जिले में प्रयोग के तौर पर जेई का टीकाकरण शुरू किया गया था। इसके अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं।

**यह है जापानी बुखार -** यह बीमारी फ्लेविवायरस (पीत विषाणु) से संक्रमित मच्छर के काटने से होती है, लेकिन एक व्यक्ति से दूसरे में नहीं फैलती। जिन इलाकों में धान की खेती ज्यादा होती है, वहां यह बीमारी ज्यादा मिलती है। धान के खेतों में इस वायरस से संक्रमित मच्छरों की संख्या ज्यादा होती है। यही कारण है कि पूर्वांचल भारत में इसके ज्यादा मामले मिलते हैं। मच्छर काटने के 10 से 15 दिन बाद लक्षण दिखाई देते हैं। इसमें तेज बुखार, गर्दन में अकड़न, बुखार आने पर घबराहट, ठंड के साथ कंपकंपी होती है। कई बार मरीज को सांस लेने में भी तकलीफ होती है और वह कोमा में चला जाता है।


OFFICE
Narendra Singh Advocate
Mob. - 9039651975

39, 'Jay-kunj' Rituraj Colony
Sanjeet Road, Mandsaur
Distt. Mandsaur (M.P.)

Ref. no.
Date -24-02-2024

**✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्वसाधारण को मेरे पक्षकार की ओर सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार संस्था Grihum Housing Finance Ltd. शाखा मंदसौर में निम्न वर्णन की सम्पति पर ऋण सुविधा प्राप्त करने के लिए आवेदन श्री धन्नालाल पिता ओमप्रकाश पाटीदार निवासी ग्राम नवान खेडी तहसील व जिला मंदसौर (म. प्र.) ने किया है। निम्न वर्णन की सम्पति ओमप्रकाश पिता भेरुलाल के नाम से खसरे में दर्ज है जबकि आधार कार्ड में ओमप्रकाश पिता गोकुल नाम अंकित है, इसके संबंध में ओमप्रकाश जी के द्वारा बताया गया कि गोकुल जी इनके दत्तक पिता है।

जिस किसी भी व्यक्ति या उसके परिवार के सदस्य या शासकीय/अर्द्ध शासकीय/अशासकीय संस्था या किसी अन्य पंजीकृत या अपंजीकृत निकाय को मेरे पक्षकार संस्था Grihum Housing Finance Ltd. द्वारा बंधक रख निम्न वर्णन की सम्पति पर ऋण देने में आपत्ति हो तो वह जाहिर सूचना प्रकाशन की तिथि मे 07 दिवस के भीतर लिखित में मय दस्तावेज आपत्ति पेश करें, अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी, और मेरे पक्षकार द्वारा निम्न सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत किया जायेगा। सो सूचित हो।

**/// सम्पति का विवरण ///**

एक भूखण्ड/भूमि जो भूमि सर्वे न. 169पेकि में से, पटवारी हल्का नं.42, वार्ड नं. 16 ग्राम नवान खेडी ग्राम पंचायत जग्गाखेडी (नाहरगढ़) तहसील व जिला मंदसौर (म. प्र.) में स्थित है। जिसकी चतुरसीमा व पैमाईश निम्नवत है- पूर्व में-रोड, पश्चिम में- परसराम/हरीराम, उत्तर में-शान्तिबाई, दक्षिण में प्रभुलाल। कुल क्षेत्राफल-6141 वर्गफीट

नरेन्द्रसिंह एडवोकेट, मंदसौर



**✻✻ नाम परिवर्तन ✻✻**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **फ़ातेमा हुसैनी भाई** ने अपना नाम परिवर्तन कर **फ़ातेमा भोलावाला पति हुसैनी भाई भोलावाला** कर लिया है। भविष्य में मुझे अपने नए नाम **फ़ातेमा भोलावाला पति हुसैनी भाई भोलावाला** के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

पता-66, बोहरा बाखल गली, मंदसौर (म.प्र) 458002



**✻✻ नाम परिवर्तन ✻✻**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **हुसैनी पिता सादिक़ अली** ने अपना नाम परिवर्तन कर **हुसैनी भाई भोलावाला पिता सादिक़ अली** कर लिया है। भविष्य में मुझे अपने नए नाम **हुसैनी भाई भोलावाला पिता सादिक़ अली** के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

पता-66, बोहरा बाखल गली, मंदसौर (म.प्र) 458002



**इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन**

**डॉ. परीक्षित शर्मा**

एम.डी. (स्कीन)

**रविवार 25 फरवरी को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।**

सुविधाएं-✻ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✻ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✻ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✻ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✻ शरी पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✻ बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✻ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✻ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in